# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 7 फरवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 35 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


**महिला की मर्जी के बिना**

## मां बनने के लिए मजबूर नहीं कर सकती अदालत

● सुप्रीम कोर्ट ने दी गर्भपात की इजाजत, कहा-महिला की प्रजनन स्वायत्तता सर्वोपरि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में महिला के प्रजनन संबंधी अधिकारों और उसकी स्वायत्तता को सर्वोपरि माना है। कोर्ट ने शुक्रवार को एक 18 वर्षीय युवती को 30 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें गर्भपात की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। साथ ही हाई कोर्ट ने सुझाव दिया था कि युवती को बच्चे को जन्म देना चाहिए और बाद में उसे गोद दे देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा- अदालत किसी भी महिला को उसकी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, यदि वह ऐसा नहीं करना चाहती है। युवती ने 17 साल की उम्र में गर्भधारण किया था, और अब वह 18 साल 4 महीने की है। यह गर्भ एक मित्र के साथ संबंध के कारण ठहरा था। कोर्ट ने माना कि इस गर्भावस्था को जारी रखना युवती के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से बेहद दर्दनाक होगा। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया कि गर्भपात की प्रक्रिया से युवती की जान को कोई गंभीर खतरा नहीं है। युवती के वकील ने तर्क दिया कि अवैध बच्चे को जन्म देने से जुड़े सामाजिक कलंक के कारण उसे गहरा मानसिक आघात पहुंचेगा। कोर्ट ने सहमति जताते हुए कहा कि अपीलकर्ता के अधिकारों की रक्षा करना अनिवार्य है, भले ही निर्णय लेने में देरी हुई हो।



● **यहां मुख्य मुद्दा यह है कि लड़की गर्भावस्था जारी नहीं रखना चाहती–** दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा कि यहां मुख्य मुद्दा यह है कि लड़की गर्भावस्था जारी नहीं रखना चाहती। अदालत ने कहा– यह प्रश्न नहीं है कि संबंध सहमति से था या नहीं। वास्तविकता यह है कि बच्चा अवैध है और मां बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती। मां की प्रजनन स्वायत्तता को महत्व दिया जाना चाहिए। भारत में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी कानून के तहत 20 सप्ताह तक महिला स्वयं गर्भपात का निर्णय ले सकती है। 20 से 24 सप्ताह के बीच मेडिकल बोर्ड की राय जरूरी होती है। 24 सप्ताह के बाद गर्भपात की अनुमति केवल अदालत दे सकती है। अंततः सुप्रीम कोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए 30 सप्ताह की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी और याचिकाकर्ता से इसके लिए लिखित सहमति देने का निर्देश दिया।

## विकसित भारत को अपना सपना बनाएं

● पीएम बोले-एक साल में हर विदेशी चीज स्वदेशी से बदलें

**परीक्षा पे चर्चा-पीएम ने बच्चों को असम के गमछे पहनाए**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडीशन में देशभर से आए बच्चों से मुलाकात की। दिल्ली स्थित पीएम आवास पर मोदी ने पहले बच्चों को असम के गमछे पहनाए और फिर उनके सवालों के जवाब दिए। पहले एपिसोड में मोदी ने बच्चों को विदेशी चीजें छोड़कर स्वदेशी चीजें अपनाने की सलाह दी। साथ ही, बच्चों से कहा कि वो 25 साल में विकसित भारत बनाने को अपना सपना बनाएं। पीएम बोले- जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तब आप लोग 39-40 साल के होंगे। आपको अभी से विकसित भारत को अपना सपना बनाना चाहिए। भगत सिंह आजादी का सपना दिल में रखकर फांसी पर झूल गए। जो आजादी से 25 साल पहले, 30 साल पहले बलिदान किए गए, उसी से आजादी मिली। अपना सपना बनाएं कि विकसित भारत के लिए मुझे क्या करना है।

● **देश की अमर कहानियों पर गेम बनाओ** –गोवा के श्रीजीत गाडगिल ने सवाल किया, मेरा गेमिंग में बहुत इंटरेस्ट है। मगर पेरेंट्स नहीं समझते। मैं क्या करूं। पीएम ने जवाब दिया– भारत देश कहानियों से भरा हुआ है। आप खुद के गेम बनाओ। पंचतंत्र की कहानियों पर गेम बनाओ। अभिमन्यु की कहानी पर गेम बनाओ और अपनी वेबसाइट बनाकर उस पर लॉन्च करो। धीरे–धीरे देखोगे कि कितने लोग तुम्हारे गेम्स खेल रहे हैं।

● **मार्क्स–मार्क्स की बीमारी से बचो** –एक स्टूडेंट के सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने कहा– पता नहीं ये मार्क्स– मार्क्स की बीमारी कैसे फैल गई है। आप लोगों को पिछले साल के टॉप 1 से 10 तक के नाम याद हैं क्या ये उपलब्धि तो कुछ देर के लिए होती है। हमें पढ़ाई पर ध्यान देना है।

## मेहनत और निष्ठा का प्रतिफल पुरस्कार: राज्यपाल पटेल

**लोक भवन की पुरस्कृत 63 पुष्प किस्मों का किया अवलोकन**



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी में प्रदर्शित लोक भवन के पुष्पों की विभिन्न किस्मों का अवलोकन किया। उन्होंने लोक भवन को प्राप्त पुरस्कारों की जानकारी ली। लोकभवन उद्यानों के रखरखाव से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेहनत और निष्ठा से किए गए कार्य सदैव उत्कृष्ट होते हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त पुरस्कार कर्मचारियों की कार्य-निष्ठा और समर्पण का प्रतिफल हैं। फूलों की देखभाल में बहाया गया पसीना ही इन पुरस्कारों का प्रसाद है। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में 63 किस्मों को पुरस्कार मिलना हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि पुरस्कृत किस्मों में से 42 पुष्पों को प्रथम तथा 21 पुष्पों को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त होना एक विशिष्ट उपलब्धि है। राज्यपाल श्री पटेल लोक भवन की प्रदर्शनी में पुरस्कृत पुष्पों का अवलोकन करने के लिए लाल कोठी के सामने स्थित पुरानी तोप प्रांगण पहुंचे। उन्होंने प्रत्येक पुरस्कृत पुष्प किस्म का अवलोकन किया तथा पुरस्कारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुष्प प्रदर्शनी में शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी संस्थानों तथा कृषकों ने भाग लिया था।

## एम्स की डॉक्टर को लगातार तीसरी बार मिला नेशनल अवार्ड

● डॉ. भावना शर्मा नेत्र विभाग की एचओडी, द्रोणाचार्य सम्मान के लिए भी नाम की हुई घोषणा

**भोपाल।** एम्स भोपाल के नेत्र रोग विभाग की प्रमुख प्रो. भावना शर्मा को नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में लगातार तीसरी बार 'नेशनल रिसोर्स टीचर गोल्ड प्लाक' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सोसायटी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'गुरुसंगम' कार्यक्रम में दिया गया। देशभर के करीब 100 वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद डॉ. शर्मा का चयन किया गया। यह पुरस्कार शिक्षण गुणवत्ता, विषय की गहराई, प्रस्तुति की स्पष्टता और व्यावहारिक उपयोगिता जैसे मापदंडों पर दिया जाता है। प्रो. भावना शर्मा पिछले तीन सालों से गुरुसंगम मंच पर लगातार अपने व्याख्यानों के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हासिल कर रही हैं।

**भारत के बजट के कारण**

## दुनिया अपनी नीति बदल रही है

● *मुख्यमंत्री मोहन यादव बोले-तुअर के बाद अब मसूर और उड़द पर भी बोनस देने की बात कही*




**भोपाल।** ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के आयोजन में शामिल हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भारत दाल उत्पादक और उपभोक्ता वाला देश है। दाल के प्रोटीन की ताकत भारत वाले जानते हैं। शाकाहारी परिवारों में दाल के बजाय किसी और से काम चलाना कठिन हो जाता है। एसोसिएशन ने बताया कि पहले 2300 कारखाने थे, अब 1300 बचे हैं। हमने तुअर से टैक्स हटाया है, अब उद्योगपति कारखाने बढ़ाएं। दूसरे राज्यों के उद्योगपति भी हमारे राज्य में कारखाने लगाएं। दालों के उत्पादन के अलावा मसूर और उड़द का उत्पादन बढ़े, इसलिए सरकार इसमें भी बोनस देगी। किसानों की आय बढ़ाने के लिए हम प्रोत्साहन दे रहे हैं। इंदौर का दौर तो सबसे बेहतर है।

**गरीब, महिला, युवा और किसानों के लिए हमारी सरकार काम कर रही–** उन्होंने कहा कि गरीब, महिला, युवा और किसानों के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। सभी को प्रोत्साहन देकर हमारे बजट को पांच साल में डबल करेंगे। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करेंगे और हम प्रदेश को भी आर्थिक रूप से संपन्न बनाएंगे। भारत ने तमाम देशों के बीच अपनी पहचान बनाई है। भारत गुटनिरपेक्ष नीति अपनाता है।

**उद्योगपति कारखाने लगाने का मन बनाएं, मिलेगी मदद** – किसी भी प्रकार के नए उद्योग के लिए सरकार जमीन नियमों में सरलीकरण सहित कई सुविधाएं दे रही है। उद्योगपति कारखाने लगाने का मन बनाएं। हमारी सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी ग्रेनेक्स इंडिया–2026 का शुभारंभ किया। इस आयोजन में 200 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भाग ले रही हैं। दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि फूड प्रोसेसिंग से जुड़ी कंपनियां उत्पादों और तकनीकें प्रस्तुत करेंगी।

# लोकल लोकल यूथ सर्वेयरों ने अपनी पहचान सुनिश्चित करने एवं सुरक्षा और मानदेय को लेकर ज्ञापन

**गोलू यादव**

लामबंद हुआ लोकल यूथ महासंघ चेतावनी दी है अगर मांग पूरी नहीं होती है तो संख्या में जिले में करेंगे आंदोलन अपनी समस्याओं को लेकर तहसीलदार महोदय मयंक तिवारी को सौंपा ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में लोकल यूथ महासंघ अशोकनगर के जिला अध्यक्ष विवेक यादव के मार्गदर्शन में आज नईसराय तहसीलदार को डिजिटल क्रॉप सर्वेयर की विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा गया ज्ञापन में तहसील के विभिन्न सर्वेयरों के द्वारा बताया गया कि हम लोकल यूथ सर्वेयर राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्य करते राजस्व कार्यों का आधार स्तंभ है सर्वेयर जैसे फसल गिरदावरी किसान फार्मर आई डी एवं किसान की भूमि की kyc और सर्वेयर साथियों ने SIR का कार्य में सहयोग किया है और बताया कि लोकल यूथ सर्वेयर अपनी हल्का में फसल सर्वे



करने जाते हैं राजस्व विभाग के आदेश अनुसार फसल गिरदावरी 0 मीटर पर खेत में जाकर फसल सर्वे करनी होती है वहां पर विभिन्न समस्याएं का सामना करना होता है गाओ से जंगल की और खेत है बहा फसल सर्वे करते समय जंगली जानवरों हमला करने का डर बना रहता है खेत में तार फेंसिंग ,झटका मशीन आदि के करन 0 मीटर पर नहीं पहुंच पाते है सर्वेयर को कभी-कभी कृषकों द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है जिससे सर्वेयर को परेशानी होती है एवं अन्य भ्रम के अंदर बना रहता है हमारे कई सर्वेयर साथियों के साथ अपमानजनक व्यवहार आए दिन हो रहे हैं तहसीलदार से अनुरोध किया शासन द्वारा सर्वेयर के आई डी कार्ड बनाए जाएं एवं लोकल यूथ सर्वेयर का फार्मर आईडी का पेमेंट जो शेष रहा है उसका भुगतान किया जाए सर्वेयर की फसल गिरदावरी में हेल्थ बीमा पॉलिसी सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक सर्वेयर का किया जाए सुरक्षा कीट दी जाए इस मौके पर अधिक संख्या में सर्वेयर उपस्थित रहे संगठन मंत्री अंकेश चंदेल ,सचिव अभिषेक रघुवंशी,उपाध्यक्ष नीलेश कुशवाह,शिवराज कुशवाह,सुनील साहू,रणवीर रघुवंशी,रामकुमार रघुवंशी, दिलीप सिंह,भुजवल कुशवाह,रविंद्र प्रजापति,रजीत रघुवंशी नेपाल जाटव,राहुल चंदेल,भोलू चंदेल,वीरेंद्र सिंह,शिवराम ,मनीष,महेंद्र सर्वेयर आदि !

## प्रमुख सचिव द्वारा राजस्व विभाग की पाक्षिक समीक्षा की गई

**दिलीप पाटीदार**

धार प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग द्वारा पाक्षिक समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की गई। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। प्रमुख सचिव ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधानसभा के लंबित प्रश्नों को समय पर प्रस्तुत किए जाने, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा स्वामित्व योजना की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रमुख सचिव ने राजस्व विभाग अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में




संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार एवं समय-सीमा में नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त साइबर तहसील अंतर्गत पटवारी रिपोर्ट से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान जिले से कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रणजीत टाइम्स नववर्ष के अवसर पर इंदौर के पलासिया थाना प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी को रणजीत टाइम्स की ओर से नववर्ष का कैलेंडर, डायरी एवं प्रेम-भेंट भेंट की गई



यह सौजन्य भेंट राजेश धाकड़ द्वारा प्रदान की गई इस अवसर पर थाना प्रभारी सुरेंद्र रघुवंशी ने रणजीत टाइम्स परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया और पुलिस के बीच सकारात्मक संवाद समाज के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कानून-व्यवस्था एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से नववर्ष पर शांति, सुरक्षा और सौहार्द की कामना की गई तथा पुलिस प्रशासन के सहयोगात्मक कार्यों की सराहना की गई।

# आंतरिक द्वंद से छुटकारा पाने, का मार्ग है सहजयोग

ब्रह्मानंदं परम सुखदं,केवलं ज्ञानमूर्ती,
द्वंद्वातीतं गगन सदृशं, तत्वमस्यादि लक्षं।
एकं नित्यं विमलमचलं,सर्वाधी साक्षीभूतं,
भावातीतं त्रिगुण रहितं, सदगुरु तं नमामि ॥

**'गुरु गीता'**

सहजयोग एक सहजावस्था है, जिसे पाना इतना ही सरल है जैसे कि पृथ्वी मां के उदर से अंकुर प्रस्फुटित होना, फूलों का फलों में और पुनः फलों का बीज में रूपांतरित होना। सहजयोग एक जीवंत प्रक्रिया है, जिसे अपने सूक्ष्म तंत्र पर जाना जाता है। शर्त केवल एक ही है की इस 'योग' के प्रति आपको 'जिज्ञासु' होना पड़ेगा। यह एक आधुनिक योग पद्धति है, जिसे विश्व के सभी सहजयोग केंद्रो पर पूर्णतः निःशुल्क सिखाया जाता है। पूज्य श्रीमाताजी कहती हैं, आप मुझे अपना गुरु मत मानिये, आप खुद का गुरु बन जाइये । और आपका गुरु है, आपके हृदय में छिपा हुआ आत्म- तत्व । जब आप अपनी शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर इसे मांगोगे तब आपकी मां स्वरुपिणी शक्ति जागृत होकर आपको अंदर से स्थिर, शांत और आनंदमयी बना देगी। हमारे जीवन की जो भी भौतिक समस्या है इसका केवल एक ही कारण है कि हम अंदर से' अस्तव्यस्त, अत्यंत तनावपूर्ण, भयभीत और चिंताग्रस्त है। इन सारी नकारात्मकताओं से घिरे रहने के कारण हम हमारे जीवन का आनंद नही ले पा रहे हैं। हमारा सत्यस्वरूप 'सत्तचित् आनंदमयी' है। तो फिर कहां गया हमारे जीवन का वो अनुपम आनंद ? सहजयोग ध्यान के माध्यम से आप इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। आप अपने हृदय पर हाथ रखकर सिर्फ इतना कहिये कि- मां मुझे मेरा आत्मसाक्षात्कार दीजिये, मेरा उस आनंद से नाता जोड़ दीजिए और दुनियादारी के इन झंझटों से मुझे मुक्त कराइये, मुझे आप वो निर्वाज्य प्रेम दीजिये" बस इतनी-प्रार्थना आप सच्चे हृदय से कीजिए तो आपके जीवन ये जादुई चमत्कार घटित होगा। आप जान जायेंगे कि ब्रम्हानंद क्या है अर्थात ब्रह्म का आनंद क्या होता है?, 'द्वन्दातीत अर्थात सुख-दुःख के द्वंद से छूटना किसे कहते है? आप गगन के सदृश्य सर्वत्र व्याप्त उस



सतगुरु को जान जायेंगे और वो आपका सिखा देंगे, अनुभूत करा देंगे कि 'तत् त्वम् असि' अर्थात आप ही उस परम तत्व के अंग-प्रत्यंग हो, जो, जीवन में ब्रम्हानंद पाने का पूर्णतः अधिकारी है। नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

रणजीत टाइम्स



## अजातशत्रु... पहले शिवराज के रहे खास... अब सीएम यादव का देंगे साथ!



मध्यप्रदेश के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अजातशत्रु श्रीवास्तव, जो शिव'राज' में पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के सबसे विश्वस्त अधिकारियों में से एक रहे... अब वे वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ओएसडी के रूप में एक बार फिर सक्रिय भूमिका में नजर आएंगे... दरअसल, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान की गवर्निंग पार्टी के चेयरमैन भी हैं मुख्यमंत्री यादव, जिसके चलते उनके सलाहकार की भूमिका में श्रीवास्तव निभाएंगे... इन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया..!

# बालिका संप्रेक्षण गृह एवं अशासकीय शिवालय शिशु गृह का हुआ त्रैमासिक निरीक्षण

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धरा 54 के तहत गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा शासकीय बालिका संप्रेक्षण गृह एवं अशासकीय शिवालय शिशु गृह शहडोल का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया है। संस्था में निवासरत बच्चों को शासन के नियमानुसार मिल रही मलभूत सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य,पोषण एवं शिक्षा संबंधी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष एवं अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, सदस्य श्री अभिषेक चौकसे, श्रीमती राखी शर्मा, श्रीमती पुष्पा द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा एवं सहायक संचालक महिला बाल विकास श्रीमती संजीता भगत उपस्थित रहे।



# आदर्श रोड मल्टीलेवल पार्किंग का महापौर ने किया निरीक्षण, अप्रैल तक शुरू होगी पार्किंग सुविधा



**विनोद चौहान**

इंदौर। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने और पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पलासिया स्थित आदर्श रोड पर निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, राकेश जैन, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, नगर निगम आयुक्त अभय राजांगांवकर समेत संबंधित एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे।

अप्रैल तक पार्किंग शुरू करने का लक्ष्य महापौर भार्गव ने बताया कि इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, "सुभाष नगर मल्टीलेवल पार्किंग शुरू हो चुकी है। आदर्श रोड पर बीओटी आधार पर जो मल्टीलेवल पार्किंग तैयार हो रही है, उसे अप्रैल तक शुरू करने का लक्ष्य है। इससे आदेश रोड और ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव काफी कम होगा।" 150 कारों और उतनी ही दोपहिया वाहनों की क्षमता महापौर ने जानकारी दी कि निर्माणाधीन पार्किंग में 150 कार और लगभग 150 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। शुल्क नगर निगम के निर्धारित दरों के अनुसार रहेगा। उन्होंने स्वीकार किया कि निर्माण की रफ्तार कुछ धीमी है, लेकिन निगम ने हाल ही में विभिन्न पार्किंग स्थलों पर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

जागरूकता और कड़ी कार्रवाई होगी महापौर ने कहा कि लोगों को निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा। "अगर लोग निर्धारित पार्किंग में वाहन नहीं खड़ा करेंगे, तो उनके चालान भी बनाए जाएंगे। शहर की यातायात व्यवस्था सुधारना प्राथमिकता है।"उन्होंने विश्वास जताया कि इस मल्टीलेवल पार्किंग के शुरू होने से क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। और स्थानीय नागरिक भी इसका लाभ लेंगे।

# डॉक्टर की लापरवाही, महिला का जीवन बना नर्क,कौन करे भरपाई

**प्रदीप सिंह बघेल**

डॉक्टर को धरती का भगवान कहा जाता है, लेकिन जब वही भगवान लापरवाही बरतने लगे, तो जीवन नरक बन जाता है। ऐसा ही एक झकझोर देने वाला मामला शहडोल जिले से सामने आया है, जहाँ एक निजी अस्पताल की कथित लापरवाही ने एक महिला की हंसती-खेलती जिंदगी को मुश्किलों के भंवर में डाल दिया है। न्याय की आस में अब पीड़िता पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों की चौखट के चक्कर काटने को मजबूर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ऊषा देवी पनाड़िया ने पिपरिया स्थित अमृता हॉस्पिटल की डॉ. अनुपमा जैन से गर्भाशय (बच्चेदानी) की समस्या के संबंध में परामर्श लिया था,डॉक्टर की सलाह पर 12 नवंबर 2025 को उनका ऑपरेशन किया गया,आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान घोर लापरवाही बरतते हुए महिला के ब्लैडर (मूत्रशय) में कट लगा दिया गया, इस गंभीर चूक का परिणाम यह हुआ कि ऑपरेशन के बाद से ही पीड़िता को लगातार पेशाब के रिसाव की समस्या शुरू हो गई। जब महिला ने इसकी शिकायत संबंधित डॉक्टर से की, तो राहत देने के बजाय उनसे सुधार के लिए अतिरिक्त रुपयों की मांग की गई।

आर्थिक और शारीरिक बोझ से दबी पीड़िता- पीड़िता का कहना है कि वे पहले ही ऑपरेशन के लिए लगभग 1.5 लाख रुपये खर्च कर चुकी हैं। अब इस नई समस्या के कारण उन्हें रोजाना लगभग 1000 रुपये के डायपर इस्तेमाल करने पड़ रहे हैं। बिलासपुर और नागपुर (वोकार्ड हॉस्पिटल) में जांच कराने पर डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि ऑपरेशन के दौरान ही ब्लैडर में कट लगा है, जिसे ठीक करने में अब 4 से 5 लाख रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। अपनी आपबीती लेकर ऊषा देवी अब जिले के कार्यालय पहुंची हैं।



उन्होंने लिखित शिकायत सौंपकर डॉक्टर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और अपने इलाज के खर्च की वापसी की मांग की है। महिला का कहना है कि एक गरीब परिवार के लिए लाखों का खर्च वहन करना असंभव है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर चिकित्सा लापरवाही पर क्या संज्ञान लेता है। क्या एक बेबस महिला को उसका हक और न्याय मिल पाएगा, या रसूखदार अस्पतालों के आगे यह आवाज भी दबकर रह जाएगी। वही इस मामले में अमृता अस्पताल के एचआर राहुल सोनी का कहना है कि उनके द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार है ,क्रिटिकल कंडीशन मे उनका इलाज किया गया था।

# मोहल्ला समिति बैठक में प्राप्त सूचना पर पकड़ाया, अवैध शराब के साथ बदमाश

## आरोपी के पास से 64.14 लीटर अवैध देशी शराब की गई जप्त।

आरोपी है शातिर बदमाश जिसके विरुद्ध पूर्व में भी पंजीबद्ध है कई अपराध इंदौर - शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही तथा आमजन से बेहतर समन्वय कर, बेहतर सामुदायिक पुलिसिंग के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में क्षेत्रों में इंदौर पुलिस द्वारा जनजागरूकता हेतु लगातार आमजन के बीच पहुंच मोहल्ला समिति की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है और आमजन से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं तथा अवैधानिक गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की जा रही है इसी अनुक्रम में पुलिस थाना बाणगंगा क्षेत्र में विगत दिनों पुलिस अधिकारियों द्वारा मोहल्ला समिति की बैठकों का आयोजन किया गया था, जिसके दौरान क्षेत्र के भवानी नगर में अवैध शराब की गतिविधियों के संबंध में सूचनाएं प्राप्त हुई थी।

उक्त सूचनाओं पर प्रभावी कार्यवाही के लिए पुलिस उपायुक्त ज़ोन-03 श्री राजेश व्यास व अति. पुलिस उपायुक्त ज़ोन-03 श्री रामस्नेही मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी बाणगंगा को निर्देशित किया गया। जिस पर पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगाया गया।



पुलिस टीम ने मोहल्ला बैठक में मिली जानकारी व मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर, भवानी नगर मैं संदीप संदिग्ध अर्जुन ठाकुर उर्फ अर्जुन पंवार के घर पर दबिश दी तो, वहां उसके घर पर विधिवत तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध शराब के क्वाटर मिलें, जिनके संबंध में पूछताछ करने पर कोई लाइसेंस या संतोषजनक जवाब नहीं बताया गया। पुलिस द्वारा विधिवत आरोपी अर्जुन ठाकुर उर्फ अर्जुन पंवार नि. भवानी नगर इंदौर के कब्जे से 373 क्वाटर (64.14 बल्क लीटर) अवैध देशी शराब जप्त कर, अपराध क्रमांक 230/26 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अवैध शराब के स्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# दाल उद्योग और कृषि प्रोसेसिंग को मिलेगा नया विस्तार-निजी क्षेत्र में अनाज मंडी व फूड पार्क स्थापित करने वाले निवेशकों को दी जाएगी पूरी मदद- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और दाल उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश सरकार किसान, उद्योग और व्यापार तीनों को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित किए जाए इसके लिए राज्य शासन द्वारा पूरी मदद दी जाएगी। निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित करने के लिए उन्होंने निवेशकों का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज यहाँ ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री गोलू शुक्ला, पूर्व महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे, श्री सुमित मिश्रा, श्री गौरव रणदीवे, ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल, सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मुगल काल में जब देश के देवस्थानों पर आक्रमण हो रहे थे, तब लोकमाता अहिल्याबाई ने संकल्प शक्ति से देशभर में मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दाल भारतीय भोजन का अभिन्न हिस्सा है और शाकाहारी समाज के लिए यह प्रोटीन का सबसे बड़ा स्रोत है। उन्होंने कहा कि दुनिया में दाल उत्पादन और उपभोग दोनों में भारत अग्रणी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता किसान इन चार वर्गों को सशक्त करने के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 5 साल का रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का फूड बास्केट बन चुका है। खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। गेहूं, चना, मसूर, सोयाबीन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने तुअर पर टैक्स हटाया है तथा उड़द और मसूर उत्पादन बढ़ाने के लिए योजना बनाई जा रही है। प्रोसेसिंग उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक मशीनरी और उद्योग स्थापना में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब निजी क्षेत्र को भी कृषि व्यापार और प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में आगे आने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उद्योगपति निजी स्तर पर अनाज मंडी या फूड पार्क स्थापित करना चाहते हैं, तो सरकार उन्हें वही सभी सुविधाएं देगी जो सरकारी फूड पार्क में दी जाती हैं। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि वे अपनी क्षमता और संसाधनों के आधार पर प्रदेश में निजी फूड पार्क, प्रोसेसिंग यूनिट और अनाज मंडी स्थापित करें, जिससे किसानों को बेहतर बाजार, बेहतर मूल्य और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि उद्योग स्थापना के लिए भूमि, बिजली, पानी, टैक्स में रियायत और श्रम आधारित उद्योगों के लिए प्रति श्रमिक 5000 रुपये प्रतिमाह तक सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना, एयर कार्गो और बेहतर रोड-रेल कनेक्टिविटी से कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही जिले-जिले में कृषि आधारित उद्योग और फूड पार्क विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से अपील की कि वे मध्यप्रदेश में निवेश कर रोजगार सृजन में भागीदारी करें और किसान आय बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य निरंतर जारी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया गया है कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। आज यह गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक निवेश प्रदेश में आया है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और मध्यप्रदेश ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। हमारा दूसरा संकल्प देश की उस मूल भावना से जुड़ा है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। इसी सोच के साथ अन्नदाता किसानों, गरीबों, युवाओं और समाज के सबसे पीछे खड़े अंतिम व्यक्ति के समग्र विकास का लक्ष्य रखा गया है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के इसी संकल्प को मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने यह वर्ष किसानों को समर्पित किया है, क्योंकि प्रदेश का विकास तभी संभव है जब किसान मजबूत और समृद्ध होगा। इंदौर, जो मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी है, उसने उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से दाल मिल उद्योग में इंदौर ने पूरे देश में नेतृत्व किया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन की तीन दिवसीय प्रदर्शनी ग्रीन एक्स का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में दाल मिलिंग, मसाला मशीनरी, फ्लोर मिल, राइस मिल सहित अन्य अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। इस प्रदर्शनी में कनाडा, तुर्की, ताइवान, स्पेन, ब्रिटेन, चीन, इंग्लैंड सहित भारत के विभिन्न शहरों से आई आधुनिक मशीनों का भी प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम के पहले स्वामीनारायण मंदिर पहुँचकर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्योगपति, व्यापारी, दाल मिल संचालक एवं उद्योग जगत से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि 2026 पर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग रहेगा 24 घंटे खुला, लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

### फूलों से सजेगा मंदिर और साधु-संतों की शोभायात्रा



**ओंकारेश्वर।** महाशिवरात्रि का पर्व आते ही देशभर के शिव मंदिरों में भक्ति का माहौल बन जाता है, लेकिन मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर की बात ही अलग है। यहां स्थित ज्योतिर्लिंग मंदिर में इस दिन लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस बार भी महाशिवरात्रि पर खास तैयारी की गई है, ताकि आने वाले भक्तों को दर्शन में किसी तरह की परेशानी न हो। इस पावन अवसर पर मंदिर प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर महाशिवरात्रि पर 24 घंटे खुला रहेगा, यानी भक्त दिन-रात कभी भी भगवान शिव के दर्शन कर सकेंगे। यह निर्णय उन श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत है जो दूर-दूर से दर्शन के लिए आते हैं।

**क्यों खास है ओंकारेश्वर महाशिवरात्रि का दिन?–** हम जानते हैं कि ओंकारेश्वर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। नर्मदा नदी के बीच बने इस पवित्र स्थल का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सामान्य दिनों में मंदिर रात को बंद कर दिया जाता है क्योंकि शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती यहां रात्रि विश्राम करते हैं। इस दौरान शयन आरती होती है और भगवान के लिए सेज, झूला और चौसर सजाई जाती है। लेकिन महाशिवरात्रि की रात अलग होती है। इस दिन भगवान शिव स्वयं जागरण करते हैं, इसलिए मंदिर भी पूरी रात खुला रहता है। इसी कारण इस दिन शयन आरती नहीं की जाती।

**24 घंटे खुले रहेंगे पट, जानिए दर्शन का पूरा समय–** मंदिर ट्रस्ट द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन सुबह तड़के 3 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। इसके बाद सबसे पहले साधु-संत दर्शन करेंगे, शोभायात्रा के साथ पूजन होगा, उसके बाद आम भक्तों के लिए दर्शन शुरू होंगे, दोपहर 12:20 बजे भोग के लिए कुछ समय पट बंद रहेंगे। फिर दर्शन लगातार जारी रहेंगे, अगले दिन तड़के 3 बजे तक दर्शन चलते रहेंगे। इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, इसलिए सुरक्षा और व्यवस्था भी बढ़ाई जा रही है।

**फूलों से सजेगा ओंकारेश्वर मंदिर, घाटों पर भी होगी रोशनी–** महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाएगा। पूरे ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर को फूलों से सजाया जाएगा ताकि भक्तों को दिव्य वातावरण का अनुभव हो सके। सिर्फ मंदिर ही नहीं, बल्कि तीर्थनगरी ओंकारेश्वर को भी सजाया जाएगा, घाटों पर रोशनी की विशेष व्यवस्था होगी, मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और मंत्रोच्चार का माहौल रहेगा। रात में नर्मदा किनारे जगमगाहट का दृश्य भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर देगा।

**शयन आरती क्यों नहीं होगी?–** सामान्य दिनों में रात 8:30 बजे के बाद मंदिर के पट बंद कर शयन आरती की जाती है। इसके बाद भगवान के विश्राम की व्यवस्था की जाती है। लेकिन महाशिवरात्रि पर शयन आरती नहीं होगी, भगवान के लिए सेज और झूला नहीं सजाया जाएगा पूरी रात मंदिर खुला रहेगा। पंडितों के अनुसार, जैसे उज्जैन के महाकाल मंदिर में भस्म आरती का विशेष महत्व है, वैसे ही ओंकारेश्वर में शयन आरती का महत्व माना जाता है। लेकिन इस विशेष दिन पर भगवान जागरण करते हैं।

**साधु-संतों की शोभायात्रा से शुरू होंगे दर्शन–** महाशिवरात्रि की सुबह पट खुलने के बाद सबसे पहले साधु-संत और संन्यासी शोभायात्रा के साथ मंदिर पहुंचते हैं। इस दौरान मंत्रोच्चार होता है, ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा निकलती है, विशेष पूजा-अर्चना होती है, इसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की शुरुआत होती है

# मध्यप्रदेश में बुजुर्गों के लिए घर बैठे इलाज की पहल: 6 जिलों से शुरू हुआ हेल्थ केयर पायलट प्रोजेक्ट

### HOPE ऐप से होगी निगरानी, अस्पताल जाने की परेशानी खत्म

**भोपाल।** अब मध्यप्रदेश में बुजुर्गों को इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उम्र, कमजोरी या चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों की परेशानी को देखते हुए राज्य सरकार ने घर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की नई पहल शुरू की है। यह योजना फिलहाल 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की जा रही है, जिससे लाखों परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नई योजना–** मध्यप्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत ऐसे बुजुर्गों की मदद का फैसला किया है जो किसी बीमारी से ग्रस्त हैं लेकिन अस्पताल तक पहुंचने में असमर्थ हैं। योजना के तहत चयनित बुजुर्गों की पहचान कर स्वास्थ्य कर्मचारी और नर्सिंग स्टाफ उनके घर जाकर जांच और प्राथमिक इलाज करेंगे।

**घर पर होगी जांच, डॉक्टर से ऑनलाइन सलाह–** इस योजना के अंतर्गत नर्सिंग स्टाफ बुजुर्गों के घर पहुंचेगा, जहां उनकी स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से ऑनलाइन परामर्श लिया जाएगा और उसी आधार पर इलाज और देखभाल घर पर ही शुरू की जाएगी। इससे बुजुर्गों को अस्पतालों की भीड़, लंबा इंतजार और सफर की परेशानी से राहत मिलेगी।

**इन 6 जिलों में शुरू हुआ पायलट प्रोजेक्ट–** यह योजना पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इन 6 जिलों में लागू की जा रही है भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और रीवा। इन जिलों में ऐसे बुजुर्गों की पहचान की जा रही है जो नियमित स्वास्थ्य देखभाल के बावजूद अस्पताल नहीं जा पाते। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में 1 लाख से अधिक बुजुर्ग ऐसे हैं जिन्हें नियमित इलाज की जरूरत है, लेकिन वे स्वास्थ्य केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**HOPE ऐप से आसान होगी पूरी प्रक्रिया–** इस योजना की सबसे अहम कड़ी है HOPE ऐप, जिसके माध्यम से पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है। इस ऐप के जरिए बुजुर्गों का पंजीकरण किया जाएगा, उनका स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित किया जाएगा, घर पर दिए गए इलाज की जानकारी अपडेट होगी, डॉक्टरों से ऑनलाइन परामर्श जोड़ा जाएगा। अब तक सैकड़ों बुजुर्गों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग हो चुकी है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं और जरूरतमंद बुजुर्गों का डेटा HOPE ऐप में दर्ज किया जा रहा है।

**बुजुर्गों और परिवारों को बड़ी राहत–** यह योजना न केवल बुजुर्गों के लिए राहत लेकर आएगी, बल्कि उनके परिवारों को भी अस्पताल ले जाने की चिंता से मुक्त करेगी। सफल होने पर इस पायलट प्रोजेक्ट को पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी की जा रही है।

# चांदी के कड़ों के लिए बुजुर्ग महिला की पैर काटकर नृशंस हत्या

### एक आरोपी को उम्रकैद, दूसरा अब भी फरार

**ग्वालियर।** पैरों में पहने चांदी के कड़ों के लिए 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला की दोनों टांगें काटकर की गई निर्मम हत्या के मामले में अदालत ने मुख्य आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह दिल दहला देने वाली वारदात वर्ष 2019 की है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया था। मामले में शामिल दूसरा आरोपी अब तक फरार है, जिसे कोर्ट ने फरार घोषित कर दिया है।

**घर में सो रही बुजुर्ग महिला पर किया गया था हमला–** ह सनसनीखेज घटना 12 सितंबर 2019 को ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में सामने आई थी। 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला जग्गो बाई अपने घर में रात के समय सो रही थीं।

इसी दौरान आरोपी भूरा उर्फ काले खां और उसका साथी जमाल घर में घुसे और महिला पर हमला कर दिया।

**चांदी के कड़ों के लिए काट दिए दोनों पैर**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों की नीयत बुजुर्ग महिला के पैरों में पहने चांदी के कड़ों को लूटने की थी। इसी लालच में आरोपियों ने अत्यंत क्रूरता दिखाते हुए महिला के दोनों पैर काट दिए और चांदी के कड़े लूटकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल जग्गो बाई की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

**अगले दिन दर्ज हुई एफआईआर, मुख्य आरोपी गिरफ्तार–** घटना के अगले दिन 13 सितंबर 2019 को बहोड़ापुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने 1 अक्टूबर 2019 को मुख्य आरोपी भूरा उर्फ काले खां को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी जमाल तभी से फरार है।

# मऊगंज में 15 वर्षीय आदिवासी छात्रा से गैंगरेप: एक गिरफ्तार अन्य तीन की तलाश जारी

- **जबरन शराब पिलाकर दोस्त और उसके साथियों ने बेसुध हालत में किया दुष्कर्म**

**मऊगंज।** मऊगंज जिले से मानवता को शर्मसार करने वाली एक खबर सामने आई है। किशोरी एवं मां के शिकायत के अनुसार यहाँ एक 15 वर्षीय आदिवासी नाबालिग छात्रा के साथ चार युवकों द्वारा दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने पहले किशोरी को बहला-फूसलाकर सुनसान इलाके में ले गए, जहाँ उसे जबरन शराब पिलाई गई और फिर बेसुध हालत में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की सक्रियता के बाद भी अपराधी किस कदर बेलगाम हो गए इसकी बानगी मऊगंज में देखने को मिली। 05 फरवरी की दोपहर जब एक कक्षा 8वीं में पढ़ने वाली 15 वर्षीय छात्रा अपनी सहेली के साथ निकली थी, तब उसे क्या पता था कि उसके अपने ही पहचान वाले उसके साथ विश्वासघात करेंगे। परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़िता का आरोपी दोस्त अपने तीन अन्य साथियों के साथ उसे और उसकी सहेली को मोटर साइकिल पर बैठाकर मऊगंज शहर से करीब 8 किलोमीटर दूर निविहा क्रेशर प्लांट के पास ले गया। वहाँ आरोपियों ने नाबालिग को जबरन शराब पिलाई। सहेली के विरोध करने पर उसे वापस घर छोड़ दिया गया, लेकिन पीड़िता को वहीं बंधक बनाकर रखा गया।मां की शिकायत के अनुसार मामला छेड़खानी का लग रहा था, लेकिन घटना के कई घंटों बाद जब पीड़िता नशे से बाहर आई और अस्पताल से अगले दिन थाना पहुंची , तो उसने अपनी आपबीती सुनाई। किशोरी के बयान के अनुसार, आरोपी और उनके साथियों ने नशे की हालत में उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना की पुष्टि होते ही पुलिस ने मामले में धारा 65(2) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की सख्त धाराएं बढ़ा दी हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल रीवा भेजा गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

# इंदौर केंद्रीय जेल में अनूठी पहल : गीता प्रवचन का आयोजन किया, ज्ञानानंद जी महाराज ने कैदियों को दिया आत्म - परिवर्तन और संयम का संदेश






**इंदौर।** इंदौर केंद्रीय जेल में कैदियों के मानसिक सुधार और सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से एक अनूठा आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गीता मनीषी श्री ज्ञानानंद जी महाराज केंद्रीय जेल पहुंचे और भगवद गीता के उपदेशों पर आधारित प्रवचन दिया।

**2500 से अधिक कैदियों ने सुना प्रवचन**- कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय जेल में निरुद्ध 2500 से अधिक पुरुष एवं महिला कैदियों ने प्रवचन सुना। ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने उद्बोधन में पश्चाताप, संयमित जीवन, आत्म-अनुशासन और आत्म-विकास का संदेश देते हुए कहा कि गीता का ज्ञान व्यक्ति को जीवन की दिशा बदलने की प्रेरणा देता है।

**भजन और नृत्य से हुआ महाराज का स्वागत**- प्रवचन से पूर्व कैदियों द्वारा महाराज श्री के स्वागत में धार्मिक भजनों पर विशेष नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कैदियों ने पूरे मनोयोग से प्रवचन सुना और गीता के संदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

**प्रदेशभर की जेलों में चल रहा गीता उपदेश अभियान** – यह आयोजन डायरेक्टर जनरल जेल वरुण कपूर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर गीता जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में गीता के उपदेशों को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश की सभी जेलों में संतों के प्रवचन कराए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम का प्रदेश की 125 जेलों में लाइव टेलीकास्ट भी किया गया।

**सभी धर्मों के आयोजनों को मिलता है समान अवसर**- केंद्रीय जेल इंदौर की जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि जेल में सभी धर्मों के बंदी निरुद्ध हैं, इसलिए समय-समय पर सभी धर्मों से जुड़े धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन कराए जाते हैं, जिससे कैदियों के मानसिक सुधार और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल सके।

# इंदौर प्रेस क्लब में हुआ एनजीओ सेवा सप्ताह के पोस्टर का विमोचन

## म.प्र. एनजीओ महासंघ 24 फरवरी से करेगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**इंदौर।** मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ द्वारा 24 फरवरी से एनजीओ सेवा सप्ताह 2026 मनाने जा रहा है। सेवा सप्ताह के दौरान होने वाले कार्यक्रम को लेकर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन इंदौर प्रेस क्लब में हुआ। महासंघ के शशि सातपुते ने बताया कि सेवा सप्ताह 24 फरवरी से 7 मार्च तक चलेगा। इसमें 24 फरवरी को निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर लगाया जाएगा। 25 फरवरी को रोजगार मेला, 27 फरवरी को राजवाड़ा पर 5100 दीपक जलाकर विश्व एनजीओ दिवस मनाया जाएगा, 28 फरवरी को फाग उत्सव रणजीत हनुमान मंदिर के ग्राउंड में मनाएंगे, जिसमें 500 से अधिक ब्लाइंड बच्चे हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे यह वर्ल्ड रिकार्ड अटेम्पट होगा। 1 एक मार्च को यूनाइटेड मध्य प्रदेश मैराथन रहेगी, 2 मार्च को ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोग्राम में कार-टैक्सी रैली निकाली जाएगी और 7 मार्च को एनजीओ सम्मान समारोह के साथ सेवा सप्ताह का समापन ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुआ पर होगा। श्री सातपुते ने बताया कि एनजीओ सेवा सप्ताह कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, उपाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय, महासचिव प्रदीप जोशी, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक यादव, राजेश बिड़कर, सलीम शेख, राहुल जैन, शालिनी दीदी, श्रेयांश जैन, रविंद्र जाधव, अक्षय मेश्राम, विकास पवार, विजेंद्र ठाकुर, विनय राज सोलर, विष्णुजी, आशीष गुप्ता, विराज भाई, अंश जैन, सूर्योदय स्माल फाइनेंस बैंक के अमन कुमार, ऑरबोसिस ग्लोबल के प्रभात अग्रवाल, मान्धाता के दशरथ राठौड़, राणा भीमसिंह राठौड़, जेएमबी फिल्म प्रोडक्शन देव प्रजापति, चेतन मोहनवानी सहित बड़ी संख्या में मीडिया के साथी और संघ के सदस्य मौजूद थे।

# कम्युनिस्ट पार्टी की मांग - प्रदेश के बजट में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें कम करो

**इंदौर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने आगामी 18 फरवरी को मध्य प्रदेश विधान सभा में प्रस्तुत होने वाले बजट के सम्बन्ध में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें कम करने और महंगाई रोकने सहित विभिन्न मांगें की हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि मध्य प्रदेश की जनता पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें सारे देश में सर्वाधिक होने से त्रस्त है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता के जीवन को संकट में डाल दिया है। प्रदेश में विभिन्न विभागों में अनेक पद रिक्त हैं, लेकिन भारी बेरोजगारी होने के बावजूद इन पर नियुक्ति नहीं हो रही है। सरकारी नौकरी में चतुर्थ श्रेणी में नियुक्तियां पूरी तरह बन्द हैं। निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी कमजोर कर निजी क्षेत्र को संरक्षण दिया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था ठप्प है। प्रदेश की सरकार जनता को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने हेतु गंभीर नहीं है। सरकार अंधाधुंध कर्ज ले रही है। यह अनुचित है इसे रोकना चाहिए। प्रदेश में विश्व विद्यालयों की हालत खस्ता है। सरकार इन विश्व विद्यालयों को समुचित आर्थिक सहयोग नहीं कर रही है। इसके विपरीत सरकार द्वारा भाजपा के राजनीतिक कार्यों पर अनावश्यक खर्च किया जा रहा है। भारत के संवैधानिक मूल्यों के विपरीत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का एजेंडा लागू करने के लिए करोड़ों रुपए के सरकारी विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं इसकी समीक्षा होना चाहिए। यह सरकारी धन और संसाधनों का दुरुपयोग है इसे भी रोकना चाहिए।

# सेंट अर्नाल्ड्स स्कूल में ग्रैंड एलुमनाई मीटअप 2026 आयोजित

## अतिथियों द्वारा एलुमनाई पोर्टल का हुआ लाइव लोकार्पण



**इंदौर।** एक दशक के दीर्घ अंतराल के पश्चात सेंट अर्नाल्ड्स स्कूल में ग्रैंड एलुमनाई मीटअप 2026 का भव्य आयोजन हुआ। इस गरिमामय समारोह में वर्ष 2004 से लेकर 2026 तक के विभिन्न सत्रों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था पूर्व प्राचार्य फादर कैजेटन डी मेलो थे। अपने पढ़ाए हुए छात्रों को वर्षों बाद एक मंच पर एकत्रित देख वे भाव-विभोर हो उठे। समारोह में संस्था के भूतपूर्व शिक्षकों की उपस्थिति ने वातावरण को और अधिक स्मरणीय बना दिया। संस्था सैकड़ों प्रवासी छात्र इसमें लाइव जुड़े। समारोह में एलुमनाई पोर्टल का लोकार्पण प्राचार्य फादर पायस सिरियाक, फादर कैजेटन डी मेलो एवं विद्यालय प्रबंधन के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेंट अर्नाल्ड्स एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद नायर ने नवगठित एलुमनाई समिति का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि एलुमनाई संघ बंधुत्व, सम्मान, शौर्य, सत्यनिष्ठा, समावेशिता, उत्कृष्टता, उत्तरदायित्व, सेवाभाव एवं निरंतरता जैसे उदात्त जीवन मूल्यों पर आधारित है। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र मे, मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकारी एवं वर्ष 2007 बैच के पूर्व छात्र चंद्रकांत पटेल ने साइबर सुरक्षा विषय पर अपना उद्बोधन दिया। स्कूल के पूर्व शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संघ के लिए आर्थिक सहयोग करने वाले पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया गया। संस्था ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी पूर्व छात्रों के लिए नेटवर्किंग कार्यक्रम, परोपकार एवं छात्रों व पेशेवरों के लिए कौशल विकास की पहलों को निरंतर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के लोग उपस्थित थे।

● टी-20 वर्ल्डकप, पाकिस्तान से मैच पर सूर्या बोले

# हम तैयार, खेलने से उन्होंने मना किया

● हम कोलंबो जाएंगे, पाक ने मुकाबले का बॉयकॉट किया

**मुंबई(एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर चल रहीं चर्चाओं के बीच भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया का रुख स्पष्ट कर दिया। गुरुवार को मुंबई में कैप्टन्स डे के दौरान सूर्या ने कहा कि भारत मैच खेलेगा। सामने वाली टीम नहीं खेलना चाहती तो यह उनकी मर्जी है।

हमारा माइंडसेट बिल्कुल साफ है। हमने खेलने के लिए मना नहीं किया है, उधर से मना किया गया है। आईसीसी ने मैच का शेड्यूल तय किया है और हम खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारे टिकट बुक हैं और दिल्ली के बाद हम कोलंबो जा रहे हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू हो रहा है। 15 फरवरी को टीम इंडिया कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ने वाली है, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान कर दिया है।

**दो शहरों में कैप्टन्स डे-** टी-20 वर्ल्ड कप का कैप्टन्स डे आज दो अलग-अलग शहरों में आयोजित किया गया। मुंबई में भारत, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड, इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज के कप्तानों ने हिस्सा लिया।



**सूर्या बोले- ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी सहज-** मुंबई में बातचीत के दौरान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया के कोच ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर के असर को लेकर बात की। उन्होंने कहा, गंभीर ने टीम के भीतर जो माहौल बनाया है, वह काफी सकारात्मक है। ड्रेसिंग रूम का माहौल भी काफी सहज रहता है।

**भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट-** भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। वहीं, श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिंहला स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।

● पाकिस्तानी पीएम बोले-

# बांग्लादेश के साथ खड़े रहना सही फैसला

भारत का बॉयकॉट सोच-समझकर किया; बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर बोले- थैंक यू, पाकिस्तान



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के बहिष्कार को सही और सोचा-समझा फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मुद्दे पर बांग्लादेश के साथ मजबूती से खड़ा है।

एक फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने ఇ पोस्ट में भारत से मैच का बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। उसके बाद आईसीसी ने पीसीबी से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। उसके बाद से पीसीबी का तो कोई बयान नहीं आया, लेकिन वहां के प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया कि पाकिस्तानी सरकार फैसला नहीं बदलने वाली है।

सरकार की बैठक के बाद शरीफ ने कहा- हमने टी20 वर्ल्ड कप पर बिल्कुल साफ रुख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेंगे, क्योंकि खेल के मैदान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### पाकिस्तान ने 1 फरवरी को मैच का बॉयकॉट किया

1 फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ఇ पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ मैच के बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश के सपोर्ट में लिया था, क्योंकि आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत की बजाय अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग की थी। यह पूरा विवाद मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से हटाए जाने के बाद शुरू हुआ। बीसीसीआई ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध में मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय लीग से बाहर करने का फैसला किया था।



● अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइनल में

**सूर्यवंशी का 55 बॉल पर शतक, भारत का विशाल स्कोर, 9 विकेट पर 411 रन**

# सूर्यवंशी ने इंग्लैंड को धोया, 175 रन बनाए

● बाबर आजम का रिकॉर्ड भी टूटकर चूर

**हरारे (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी का नाम एक बार फिर से क्रिकेट जगत की सुर्खियों में छा गया है। इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में इस युवा बल्लेबाज ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से कोहराम मचा दिया। वैभव ने महज 55 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर न केवल भारतीय पारी को मजबूत शुरुआत दी, बल्कि अपनी प्रतिभा का एक बार फिर से लोहा भी मनवाया। उनकी इस पारी से इंग्लैंड की टीम मैच के शुरुआती पलों से पूरी तरह से बैकफुट पर चली गई है। 50 ओवर में 9विकेट खोकर 411 रन बनाए थे।

**बाबर आजम का रिकॉर्ड भी तोड़ा-** इस ऐतिहासिक पारी के दौरान वैभव सूर्यवंशी ने एक बड़ा कीर्तिमान अपने नाम किया। उन्होंने यूथ वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रनों के मामले में पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। बाबर आजम (1272 रन) के नाम यूथ वनडे में जो रिकॉर्ड दर्ज था, वैभव ने उसे तोड़कर अब इस सूची में अपना स्थान और ऊपर कर लिया है।

**वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज-** अंडर-19 वर्ल्ड कप में छक्कों के मामले में वैभव सूर्यवंशी ने नया कीर्तिमान रच दिया है। 2026 एडिशन में वैभव अब तक 20 छक्के जड़ चुके हैं और इसी के साथ वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड डेवाल्ड ब्रेविस के नाम था, जिन्होंने 2022 अंडर-19 वर्ल्ड कप में 18 छक्के लगाए थे।

### फाइनल में वैभव सूर्यवंशी का तूफान, गेंदबाज दिख रहे थे पस्त

वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही जमकर चौके छक्के उड़ाए। इस खिलाड़ी ने मात्र 32 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। लेकिन इसके बाद भी वैभव थमे नहीं और उन्होंने लगातार इंग्लैंड के स्पिनर्स पर अटैक करते हुए अपना शतक भी पूरा कर लिया। 160 रन की पारी में कुल 13 छक्के और 14 चौके मार चुके थे। वैभव में 80 गेंदों पर 175 रन बनाए और कैच आउट हो गए थे। इससे पहले भी वैभव ने सेमीफाइनल मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रन की पारी खेली थी।



**सूर्यवंशी का 32 बॉल पर अर्धशतक-** 11वें ओवर में भारतीय टीम ने 10 रन बनाए। ओवर की चौथी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी ने शानदार छक्का जड़ा। उन्होंने अगली ही गेंद पर सिंगल लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह वैभव का इस वर्ल्ड कप में चौथा अर्धशतक रहा, जो उन्होंने महज 32 गेंदों में पूरा किया।

**वैभव भारत के टॉप स्कोरर-** इस अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 6 मैचों में 264 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 82 रन रहा है। इस दौरान उन्होंने 3 हाफ सेंचुरी लगाई। गेंदबाजी में हेनिल पटेल ने कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 6 मैचों में 11 विकेट झटके हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 5 विकेट देकर 16 रन रहा है।

**म्हात्रे 53 रन बनाकर आउट -** आयुष म्हात्रे 53 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एलेक्स ग्रीन ने बेन मेयस के हाथों कैच कराया। इसके साथ उनके और सूर्यवंशी के बीच 142 रन की साझेदारी भी टूट गई थी। भारतीय टीम रिकॉर्ड 10वीं बार फाइनल में पहुंची है। दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम तीसरी बार फाइनल खेलेगी, टीम ने 1998 में इकलौता टाइटल जीता था। इससे पहले 2022 के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को ही हराकर पांचवीं बार ट्रॉफी जीती थी।

**आयुष आउट, 142 रन की साझेदारी टूटी-** आयुष म्हात्रे 53 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एलेक्स ग्रीन की गेंद पर बेन मेयस ने कैच किया। इसके साथ ही आयुष और वैभव सूर्यवंशी के बीच दूसरे विकेट के लिए चली आ रही शानदार 142 रन की साझेदारी का भी अंत हो गया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत जिला झाबुआ में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन 08 मार्च से 12 मार्च 2026

सलीम हुसैन

झाबुआ, मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत नवीन निर्देश जारी किए गए हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली कन्याओं, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं के विवाह हेतु संभाग एवं जिला स्तर पर सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित किए जाने वाले पात्र विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम संख्या 200 निर्धारित की गई है। शासन निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिला झाबुआ में सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रमों के आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में कार्यक्रम की तिथियां निर्धारित करते हुए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, ताकि आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जा सकें।

### सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन

जिला झाबुआ में सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन 08 मार्च 2026 को ग्रामीण एवं नगरीय निकाय पेटलावद के कार्यक्रम स्थल पेटलावद में किया जाएगा, जिसके लिए नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पेटलावद को नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में 09 मार्च 2026 को ग्रामीण एवं नगरीय निकाय मेघनगर एवं थांदला का संयुक्त सामूहिक विवाह कार्यक्रम मेघनगर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मेघनगर होंगे। इसके



पश्चात 11 मार्च 2026 को ग्रामीण एवं नगरीय निकाय रामा एवं राणापुर का सामूहिक विवाह कार्यक्रम रामा में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत रामा नियुक्त किए गए हैं। वहीं 12 मार्च 2026 को ग्रामीण एवं नगरीय निकाय झाबुआ का सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम झाबुआ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत झाबुआ रहेंगे।

### पात्रता के मापदण्ड

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु यह आवश्यक होगा कि वर-वधू अथवा उनके अभिभावक मध्यप्रदेश के मूल निवासी हों। कन्या तथा उसके अभिभावक गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करते हों तथा उनका सत्यापन बीपीएल पोर्टल पर अनिवार्य रूप से किया गया हो। विवाह के लिए निर्धारित वैधानिक आयु पूर्ण होना आवश्यक है, जिसके अंतर्गत कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं पुरुष की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत यह भी अनिवार्य किया गया है कि कन्या का पूर्व में विवाह न हुआ हो तथा विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ही संपन्न किया जाए। परित्यक्ता महिलाओं के लिए न्यायालय द्वारा पारित विधिवत तलाक आदेश प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, वहीं विधवा महिलाओं की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन तभी किया जाएगा जब न्यूनतम 11 एवं अधिकतम 200 पात्र आवेदन प्राप्त होंगे। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में विवाह जोड़ों का चयन लॉटरी, चिट अथवा अन्य पारदर्शी एवं निर्विवाद प्रक्रिया के माध्यम से संबंधित निकाय समिति द्वारा किया जा सकेगा। योजना अंतर्गत दिव्यांग जोड़ों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी, जिसमें वर अथवा वधू या दोनों का दिव्यांग होना मान्य होगा। साथ ही वर-वधू की समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी अनिवार्य की गई है।

### आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित प्रत्येक पात्र वधू को 49,000/- की सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे कन्या के बैंक खाते में प्रदान की जाएगी।

### आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज

**आवेदन पत्र के साथ वर-वधू के अभिभावक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र, वर एवं वधू की समग्र परिवार आईडी, आधार कार्ड की छायाप्रति, कन्या एवं उसके अभिभावक का गरीबी रेखा से नीचे होने का प्रमाण पत्र अथवा पात्रता पर्ची जो बीपीएल पोर्टल पर सत्यापित हो, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर तथा संबंधित जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अथवा मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा जारी जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जारी पूर्व विवाह न होने संबंधी प्रमाण पत्र, विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में न्यायालयीन तलाक आदेश, दिव्यांग होने की स्थिति में 40 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड तथा वर-वधू का आयु प्रमाण पत्र निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक के माध्यम से प्रस्तुत करना आवश्यक रहेगा।**

## मध्य प्रदेश में माफिया की औकात सिर्फ एक रुपए, शर्मिंदगी से दौड़कर पहुंचे सरेंडर करने

**आमतौर पर जब किसी बड़े अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा मोटी रकम के इनाम की घोषणा की जाती है तो वह चर्चा के केंद्र में रहती है. लेकिन यहां मामला बिल्कुल उलटा है. नरसिंहपुर पुलिस ने फरार कुख्यात अपराधी पर इनाम रूपी ऐसा बाण मारा कि वह घायल होकर खुद ही पुलिस के पास सरेंडर करने पहुंच गया. पुलिस को भी यकीन नहीं हुआ कि उसकी ये तरकीब इतनी काम की निकलेगी. वांटेड पर एक रुपये का इनाम चर्चा के केंद्र में नरसिंहपुर में शराब माफिया पर एक रुपये का इनाम पूरे जिले में ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश में चर्चा का विषय बना है. नरसिंहपुर पुलिस की अनोखी रणनीति ने कुख्यात शराब माफिया धनराज लोधी को शर्मसार कर दिया. एक महीने से फरार आरोपी पर नरसिंहपुर पुलिस ने महज 1 रुपये का इनाम रखा. लग्जरी वाहन से जब्त की थी 44 पेटी शराब मामले के अनुसार नरसिंहपुर के करेली थाना क्षेत्र में 9 जनवरी को एक लग्जरी वाहन से 44 पेटी अवैध देशी शराब जब्त की गई. मौके से 2 तस्कर तो गिरफ्तार हो गए लेकिन शराब तस्करी का सरगना धनराज लोधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. वह करीब एक माह से फरार चल रहा था।**

## मध्य प्रदेश में लाड़ली बहनों के कटेंगे नाम! गैरहाजिरी पर राजस्व मंत्री का सख्त फरमान

अक्सर अपने बयान और अंदाज को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा एक बार फिर विवादों में आ गए हैं. उन्होंने मंच से लाड़ली बहनों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि, ''यदि सरकारी कार्यक्रम में नहीं आएंगी तो उनके नाम कट जाएंगे.''

इछावर विधान सभा के ग्राम धामंदा में आयोजित नवीन उपस्वास्थ्य केंद्रों लोकार्पण अवसर पर मंत्री ने यह बात कही है. अब उनका यह बयान काफी चर्चा में आ गया है। 'सीईओ मैडम से बोलेंगे- लाड़ली बहनों के कट जाएंगे नाम'राजस्व मंत्री ने कहा कि, ''ग्राम धामंदा में 894 लाड़ली बहनों को 1500 रुपए महीने दे रहे हैं और यहां पर आई कितनी हैं. अब एक दिन सीईओ मैडम से बोलेंगे, एक दिन सबको बुलाओ और नहीं आएं तो उनका नाम कट जाएगा. दे देंगे यहां से रिपोर्ट.'' उन्होंने पूछा कि, ''क्या बहनों को कांग्रेस के राज में पैसा मिलता था.'' उन्होंने कहा कि, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली से गेहूं भेज रहे हैं, किसानों के खाते में पैसे डाल रहे हैं, और तुम ध्यान नहीं रखते हो.''। मंत्री ने उप स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पणराजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सीहोर जिले के ग्राम नापलाखेड़ी में 56.09 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र और ग्राम धामंदा में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया. ग्राम नापलाखेड़ी में लोकार्पण अवसर पर कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी उपस्थित थे. इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि, ''प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है.'' उन्होंने कहा कि, ''ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है. जिससे आमजनों को उपचार के लिए परेशान न होना पड़े. नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रारंभ होने से क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक उपचार, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण तथा विभिन्न जांच एवं परामर्श सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेंगी.'' उन्होंने कहा कि, ''आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली है.''।